कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला–दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास मिशन (शहरी)

क्र./प्रधानमंत्री आ.यो./मु.कार्या/अन्य/2025/784 भिलाई दिनांक –29/10/2025

प्रति,

1. नोडल अधिकारी, PMAY नगर पालिक निगम, भिलाई
2. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई
3. राजस्व अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई
4. सहायक अभियंता/उप अभियंता PMAY नगर पालिक निगम, भिलाई

विषय :– प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ''मोर मकान–मोर आस'' घटक अंतर्गत आवासों का आबंटन हेतु प्राप्त किये गये आवेदनों की जॉच हेतु निकाय स्तरीय समिति की बैठक आहुत करनेके संबंध में।

संदर्भ :– 1. उप सचिव छ.ग. शासन का का आदेश पत्र क्रमांक–2451/1106/2022/18 नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 06 अप्रेल 2022

2. क्र./प्रधानमंत्री आ.यो./मु.कार्या/अन्य/2025/684, भिलाई दिनांक– 23.09.2025

---0---

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है, कि नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में झुग्गी बस्ती एवं गैर स्लम में रहने वाले किरायेदार के रुप में निवासरत् परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के ''मोर मकान–मोर आस'' घटक अंतर्गत विभिन्न परियोजना स्थलों पर निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का उपलब्धता के आधार पर आबंटन किये जाने हेतु आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्रों का पात्रता संबंधी पूर्ण एवं अपूर्ण दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र एवं अपूर्ण दस्तावेजों का निकाय स्तरीय समिति द्वारा दिनांक 23.09.2025 को अनुमोदन कर दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु 15 दिवस की अवधि प्रदान करते दावा आपत्ति सूची सूचना पटल पर चस्पा किया गया तथा निर्धारित अंतिम तिथि 09.10.2025 के समाप्ति के पश्चात् दावा आपत्ति से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पूर्ण दस्तावेज प्राप्त आवेदकों की सूची का परीक्षण एवं अनुमोदन निकाय स्तरीय समिति के समक्ष किया जाना है।

जमा किये गये आवेदन एवं पात्रता संबंधी आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का जांच परीक्षण कर निकाय स्तरीय समिति द्वारा पात्रता परीक्षण किया जाना है, जिसके लिये दिनांक 30.10.2025 को समय 12:00 बजे अधीक्षण अभियंता कक्ष में बैठक आहूत की गई है, जिसमें आप सभी उपस्थित रहेंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ. क्र./प्रधानमंत्री आ.यो./मु.कार्या/अन्य/2025/785 भिलाई दिनांक – 29/10/25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ,
2. अध्यक्ष (MIC सदस्य) नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा शाखा,नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ,
3. सभापति, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ,
4. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ,
5. उपायुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ,
6. जनसम्पर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को उक्त संबंध दैनिक समाचार पत्रों में दावा आपत्ति की सूचना प्रकाश हेतु पालनार्थ एवं सूचनार्थ,
7. जोन आयुक्त, जोन क्रमांक–1, 2, 3, 4 एवं 5, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ,
8. प्रभारी अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, नगर पालिक निगम, भिलाई को पालनार्थ एवं सूचनार्थ
9. सर्व संबंधत श्री .... को पालनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

E:\PMAY 2022\Nutan\Letter & Notesheet\Normal Letter & Notesheet\Nutan New Letter Folder.docx